Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to send a central team to assess the crop damaged caused due to hailstorm in Bihar and also to ensure adequate supply of Urea and DAP.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): धन्यवाद सभापति महोदय । मैं आपका ध्यान बिहार के गांव की तरफ ले जाना चाहता हूं । सबको पता है कि बिहार एक कृषि प्रधान प्रदेश है । दुर्भाग्य यह है कि वहां की निर्भरता खेती पर ही निर्भर करती है । वहां कोई कल-कारखाना नहीं है । इस बार ओलावृष्टि और बारिश होने से किसान को फसल का नुकसान हुआ है । उसके बाद, किसान को बड़े पैमाने पर यूरिया और डीएपी की आवश्यकता होती है । वहां यूरिया का घोर संकट है । हालांकि, जब से मोदी जी की सरकार बनी है, तब से यूरिया की किल्लत खत्म हो गई है । लेकिन, पता नहीं क्या वजह है कि पूरे बिहार में इस बार यूरिया की घोर समस्या है । यह यू.पी. और पूरे देश के स्तर पर है । इसके साथ-साथ डीएपी की भी कमी है । वहां स्थिति यह है कि अगर किसानों का उत्पादन नहीं होगा, चूंकि उनकी पूरी निर्भरता खेती पर ही है, वे लोग भूखे मरने लगेंगे । वहां लोग बहुत मुश्किल से कर्ज लेकर खेती करते हैं । अच्छे उत्पादन की उम्मीद रहती है । मगर, स्थिति यह है कि उसकी उम्मीद पर पानी फिर रहा है । दलहन, फल-सब्जी वगैरह सब नष्ट हो गए हैं ।

मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं, ओलावृष्टि के मामले में मैंने सरकार का ध्यान आकृष्ट भी किया है, वे वहां अपनी जांच दल भेजें । इसके अलावा यूरिया एवं डीएपी की जो कमी है, उसकी आपूर्ति की जाएगी तो बड़ी कृपा होगी । इस बारे में, मैंने केंद्र सरकार के मंत्री जी से व्यक्तिगत रूप से अनुरोध किया था ।

मेरा पुन: आपसे अनुरोध है कि वहां यूरिया और डीएपी की पूरी आपूर्ति की जाए, ताकि किसान परेशानी से निकल सकें और उनकी जान बच सके ।

HON. CHAIRPERSON :

Shri Rajiv Pratap Rudy – Not Present

Shri P. R. Natarajan – Not Present

Shri Om Pavan Rajenimbalkar – Not Present

Shrimati Chinta Anuradha – Not Present

Shri Manish Tewari – Not Present

Dr. Talari Rangaiah – Not Present